कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-13.11.2024

विषयः- लूट के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त विनय कूमर भारद्वाज उर्फ विनय राय को थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया, कब्जे से लूट का 2100/- रुपया नकद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-236/24 धारा 309(6), 317(2) बी0एन0एस0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनय कुमार भारद्वाज उर्फ विनय राय पुत्र राजकुमार निवासी अखरी कुरहुआ थाना रोहनिया वाराणसी को आज दिनांक-13.11.2024 को समय करीब 12.55 बजे एफ0सी0आई0 गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूट का कुल 2100/- रु0 नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 02 नफ़र सह-अभियुक्त 01-गौतम कुमार भारद्वाज व 02-सन्तू गौड़ उर्फ राज को लूट के माल (02 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन, 01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद ए0टी0एम0 कार्ड, 01 अदद आर्टिफीशियल मंगलसूत्र, 01 पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की पायल, 01 अदद अंगुठी पीली धातु, मुथूट फाइनेंस गोल्ड लोन पेपर, 150/- रुपया नकद) तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल के साथ दिनांक-22.10.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

घटना का विवरण- दिनांक-20.10.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने मोटर साइकिल सवार 03 अज्ञात बदमाशों द्वारा बलपूर्वक उनका बैग (जिसमें पैन कार्ड, ए0टी0एम0 कार्ड, आर्टिफीशियल मंगलसूत्र, चादी का पुराना पायल और 10,500/- रुपया नकद व बैंक के कागज रखे थे) छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 पवन कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त विनय कुमार भारद्वाज उर्फ विनय राय ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने दोस्त संतू गौड़ व गौतम भारद्वाज के साथ मिल कर दिनांक-20/10/2024 को समय रात करीब 08.30 बजे गौतम की मोटर साइकिल से लहरतारा फुलवरिया फ्लाईओवर उतरते समय मोटर साइकिल पर पीछे बैठकर जा रही एक

महिला का लेडिज बैग लूट लिया था और लूट करने के बाद हम तीनों मोटर साइकिल से भाग गए थे। बैग में जो पैसा था उसे मैंने रख लिया था और बैग सहित सामान उन दोनों को दे दिया था। जब मुझे पता चला कि मेरे दोनों मित्रों संतू गौड़ और गौतम भारद्वाज को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है तो मैं बचने के लिए मुम्बई भाग गया था। आज रात में मैं मुम्बई से आया ही था कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया और लूटे हुए रुपये मुम्बई आने-जाने में खर्च हो गये केवल यही 2100/- रु0 बचा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विनय कुमार भारद्वाज उर्फ विनय राय पुत्र राजकुमार निवासी अखरी कुरहुआ थाना रोहनिया वाराणसी, उम्र 18 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

एफ0सी0आई0 गोदाम के पास से, दिनांक-13.11.2024 को समय करीब 12.55 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 2100/- रुपये नगद बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 236/24 धारा 309(6),317(2) बी0एन0एस0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 पवन कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सत्यम तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 विनोद कुमार सरोज थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सूर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी